# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण–गीडा में सुपर मेगा प्रोजेक्ट के तहत बारह सौ करोड़ की लागत से अनाज आधारित डिस्टेलरी प्लांट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में गीडा निवेश का बेहतर गंतव्य बन रहा है। डिस्टेलरी प्लांट से बहुत से युवाओं को रोजगार मिलेगा।

**आज के दिन पर भारत सात से आठ लाख करोड़ रूपये का डीजल और पेट्रोल खरीदता है अगर हमारे किसानों के उत्पाद का उपयोग उनके प्रोडक्ट का उपयोग हम मिथेनॉल बना करके और उस कनेक्टिफाइड इथेनॉल के माध्यम से और स्प्रिट के माध्यम से हम डीजल और पेट्रोल का स्थान देंगे इससे एक तो विदेशी मुद्रा की बचत होगा, किसान समृद्ध होगा और किसान समृद्ध होगा, अन्नदाता किसान समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा। युवाओं को अपने ही घर में नौकरी और रोजगार प्राप्त होगा।**

**********

प्रदेश भर में रामनवमी का पर्व धार्मिक श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है। सुबह से ही सभी शक्तिपीठों और दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतार लगी हुयी है। हवन–पूजन के साथ ही सुबह कन्या पूजन किया गया। अयोध्या में लोग इस पर्व को उत्साह के साथ मना रहे हैं। एक रिपोर्ट–

*भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी।*

*हरषित महतारी, मुनि मन हारी, अद्‌भुत रूप बिचारी।।*

***अयोध्या में रामलला के जन्म का उत्सव है। जय श्री राम के उद्‌घोष से रामनगरी गूंजायमान है। रामनवमी के मौके पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किया गया। दोपहर ठीक 12 बजे रामलला के ललाट पर सूर्य की किरणों ने तिलक किया। इस ऐतिहासिक क्षण को लाइव प्रसारित किया गया। बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचे भक्तों पर पहली बार ड्रोन से सरयू नदी के जल की फुहार डाली जा रही है। रामनवमी पर इस बार अयोध्या में ढाई लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पूरे जनपद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में विवि–विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा। चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे और वहां प्रतिष्ठित विग्रहों का पूजन कर आरती उतारी। दोपहर बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा–अर्चना की।

**********

मुख्यमंत्री और गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन किया। उन्होंने नव दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, विधि–विधान से उनका पूजन किया और श्रद्धापूर्वक भोजन करा कर दक्षिणा दी और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सभी का दायित्व है।

***प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है इसलिए आज सरकार ने भी मातृशक्ति के सुरक्षा के लिए, उनके सम्मान के लिए, उनके सवावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ से ले करके मातृ वंदना के कार्यक्रम नारी वंदन अधिनियम के माध्यम से उनकी सशक्त उपस्थिति विधायिका के मंचो पर भी हो, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हो, इसके लिए देश की संसद में भी एक अधिनियम पारित कर दिया है।***

श्री योगी ने रामेश्वरम में ऑटो ब्रिज के लोकार्पण के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामेश्वरम में यह नया ब्रिज प्रधानमंत्री के विकास एवं विरासत के विजन को दर्शाता है।

**********

प्रदेश में आठ अप्रैल से आठ मई तक वन और वन्यजीव सुरक्षा माह का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत वन अपराधों पर अंकुश लगाने और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाये जायेंगे। इसमें वन बल और पुलिस के साथ ही नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी का भी सहयोग लिया जायेगा। प्रधान मुख्य संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन तीन शिफ्ट में चलाया जायेगा। पहली शिफ्ट सुबह छः से दोपहर दो बजे तक, दूसरी दोपहर दो से रात्रि दस बजे तथा तीसरी शिफ्ट रात्रि दस बजे से सुबह छः बजे तक चलेगी।

**********

प्रदेश के युवाओं को उद्यमी और आत्मनिर्भर बनाने के लिये शुरू की गयी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत महराजगंज जनपद ने लोन स्वीकृति और वितरण में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। योजना के तहत जिले को एक हजार परियोजनाओं का लक्ष्य मिला था, लेकिन बैंकों द्वारा एक हजार अट्ठाइस परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी और नौ सौ ग्यारह को लोन वितरित किया गया। महराजगंज के अलावा टॉप फाइव जिलों में प्रदेश का अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, कन्नौज और रामपुर जिला भी शामिल है।

**********